कण
KERN SEEDTECH

किसानों की नंबर 1 पसंद

सब्ज़ी मटर की उन्नत किस्म

लंबी फली, 9-11 दाने

मंडी में तौल भी, भाव भी।



कण 464™

KERN-464 ·मटर बीज

तोड़िए, गिनिए – खुद देख लीजिए।

सील बंद पैकेट ही खरीदें

कण कण से कमाई

kernseedtech.com **9107062062**

कण 464 क्यों?

खेत में दिखने वाली पाँच बातें

1 **फली लंबी और सीधी — पेंसिल जैसी**
मंडी में यही फली पहले उठती है।

2 **हर फली में 9-11 दाने**
तोड़कर गिन लीजिए — हर फली अपनी गिनती खुद बताती है।

3 **दाना गहरा हरा और एक बराबर**
तुलाई में वज़न, ग्रेड में ऊपर — आढ़ती खुद पहचान लेता है।

4 **सफेदी (पाउडरी मिल्ड्यू) के प्रति सहनशील**
बीमारी से लड़ने वाली किस्म — दवाई का खर्च कम रहता है।

5 **तीन-चार तुड़ाई**
एक तुड़ाई की फसल नहीं — आमदनी हफ्तों तक चलती है।

भरोसे का आधार

- ✓ बीज उद्योग में 50+ वर्षों की पारिवारिक विरासत
- ✓ हर लॉट की जांच — जमाव व शुद्धता का विवरण पैकेट पर दर्ज
- ✓ बीज उपचारित होकर आता है — बुवाई के लिए तैयार

20–25 किग्रा बीज दर प्रति एकड़	30–60 × 10 सेमी कतार × पौधा दूरी
2–3 पानी पूरी फसल में सिंचाई	3–4 बार तुड़ाई — आमदनी हफ्तों तक

खेती की जानकारी

बुवाई से तुड़ाई तक — एक पेज पर

पानी का सही समय — पूरी फसल में सिर्फ 2-3 हल्की सिंचाई

बुवाई	पहली सिंचाई	दूसरी सिंचाई	तुड़ाई
पलेवा की नमी पर	फूल आने से पहले	फली बनते समय	पानी पहले दें, बाद में नहीं
दिन 0	दिन 25-30	दिन 50-60	दिन 60 से

हल्का पानी दें, खेत भरकर कभी नहीं — खड़ा पानी पीलापन और जड़ गलन लाता है। फव्वारा (स्प्रिंकलर) हो तो सबसे अच्छा।

खेत का चुनाव व तैयारी

जहां पिछले 3-4 साल में चना, मटर या मसूर हुआ हो, वहां न लगाएं। गहरी जुताई, 2-3 हैरो, पाटा। सड़ी गोबर खाद 3-5 ट्रॉली/एकड़ — कच्चा गोबर कभी नहीं।

बुवाई — नमी पर, कतार में

पलेवा के 3-4 दिन बाद, ऊपर की मिट्टी हल्की सूखने पर बोएं। बीज दर 20-25 किग्रा/एकड़, कतार 30-60 सेमी × पौधा 10 सेमी। बीज उपचारित मिलता है — सीधे बोइए।

खाद — पोटाश ज़रूरी, यूरिया कम

बेसल में DAP 35 किग्रा या SSP 150 किग्रा, साथ MOP 20-33 किग्रा — दाना भराव पोटाश से। फूल पर बोरॉन + NPK 13-0-45 का स्प्रे। ज़्यादा यूरिया माहू और सफेदी को न्योता है।

तुड़ाई — सुबह के समय

फली भरी पर कोमल हो तभी तोड़ें, 4 घंटे में मंडी पहुंचाएं। पानी तुड़ाई से पहले दें, बाद में नहीं। हर 7-10 दिन में, कुल 3-4 तुड़ाई।

सामान्य कृषि सलाह — खाद-दवा की मात्रा अपनी मिट्टी की जांच और नज़दीकी कृषि विशेषज्ञ की सलाह से तय करें।

समस्या → समाधान

आम परेशानियाँ, आसान रास्ते

सफेदी (पाउडरी मिल्ड्यू) की चिंता

→ कण 464 सहनशील किस्म है — दवाई का खर्च कम। ज़रूरत दिखे तो घुलनशील सल्फर 2 ग्रा/ली का एक बचाव स्प्रे काफी।

फलियां कम, दाना नहीं भरता

→ बेसल में पोटाश (MOP) ज़रूर दें। फूल पर बोरॉन का स्प्रे, फली बनते समय हल्का पानी — 9–11 दाने वाली फली इसी से पूरी भरती है।

पौधे का अचानक सूखना (उकठा)

→ बचाव ही असली इलाज — उपचारित बीज पहली ढाल। 3–4 साल का फसल चक्र रखें, सड़ी गोबर खाद ही दें, निकास ठीक रखें।

माहू और इल्ली का प्रकोप

→ शुरुआत नीम आधारित स्प्रे से, हमेशा शाम के समय। फूल अवस्था पर कड़े रसायन से बचें। बढ़े तो कृषि केंद्र की अनुशंसित दवा ही लें।

खड़ा पानी — पीलापन और गलन

→ खड़ा पानी मटर का सबसे बड़ा दुश्मन है। सिंचाई हमेशा हल्की — फव्वारा बेहतर। निकास कमज़ोर हो तो उठी क्यारी (बेड) पर बुवाई करें।

असली बीज की पहचान

→ सील बंद कण पैकेट ही लें — हर लॉट की जांच का विवरण पैकेट पर दर्ज है। लॉट नंबर व जांच की तारीख देखिए, रसीद रखिए।

"समझदार किसान इलाज से ज़्यादा बचाव पर ध्यान देता है।"

इस सीज़न बोइए कण 464 — लंबी फली, 9-11 दाने।

अपने नज़दीकी कण डीलर से **कण 464** माँगिए